# उत्तराखंड विधान सभा

## प्रथम सत्र 2026

## 11 मार्च, 2026

----

[**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय - खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, खेल,युवा कल्याण** ].

**कुल प्रश्न 14**

----

### जनपद चमोली के विकासखण्ड दशोली स्थित सेमलडाला मैदान पीपलकोटी के विस्तार एवं पिटकुल को आवंटित भूमि निरस्तीकरण के संबंध में।

*1 **श्री लखपत सिंह बुटोला (बद्रीनाथ ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकास खण्ड दशोली स्थित सेमलडाला मैदान, पीपलकोटी के विस्तार की मांग को लेकर क्षेत्र के 24 गांवों की जनता आन्दोलन कर चुकी है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि उक्त मैदान में बंड विकास मेला जैसा राज्य स्तरीय मेला, क्रिकेट टूर्नामेंट एवं क्षेत्र की अन्य सामाजिक गतिविधियां आयोजित होती हंै? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा पिटकुल को आंवटित भूमि को निरस्त करते हुये सेमलडाला मैदान, पीपलकोटी का विस्तार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

### 38वें राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेता खिलाड़ियों को ग्रेड के अनुसार सरकारी नौकरी प्रदान किए जाने शेष खिलाड़ियों की नियुक्ति उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व्यवस्था एवं प्रदेश से बाहर प्रशिक्षण हेतु भेजे गए खिलाड़ियों के संबंध में जानकारी।

*2 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों में से कितने खिलाड़ियों को सरकार द्वारा उनके ग्रेड के अनुसार नौकरी प्रदान की गयी है और शेष खिलाड़ियों को कब तक नौकरी प्रदान की जायेगी तथा किन कारणों से आतिथि तक सभी खिलाड़ियों को नौकरी प्रदान नहीं की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा आगामी राष्ट्रीय खेलों एवं अन्य राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की पद तालिका में देवभूमि की बेहतर रैंकिग हेतु खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के तैयारियों हेतु कोई कार्य किया जा रहा है तथा कितने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण हेतु प्रदेश से बाहर सर्वोच्च संस्थानों में भेजा गया है? क्या सरकार उपरोक्त सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राज्य में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए लक्ष्य पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल चुका है योजना का लाभ पाने के लिए बच्चों के जन्मदिन कितने दिन बाद आवेदन के संबंध में।**

*3 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए कोई लक्ष्य रखा गया है? क्या यह भी सत्य है कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का जो लक्ष्य रखा गया है, वह लक्ष्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इस योजना का लाभ किन पात्र महिलाओं को दिया जाता है तथा आतिथि तक कितनी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल चुका है एवं इस योजना का लाभ पाने के लिए बच्चों के जन्मदिन के कितने दिन बाद आवेदन किया जा सकता है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगी कि डोईवाला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ पिछले 03 वर्षों में दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में विगत् 04 वर्षों में कितने अन्तोदय परिवारों को बी.पी.एल. श्रेणी में तथा कितने बी.पी.एल. श्रेणी के परिवारों को ए.पी.एल. श्रेणी अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कितने अन्तोदय परिवारों को बी.पी.एल. श्रेणी में तथा कितने बी.पी.एल. श्रेणी परिवारों को ए.पी.एल. श्रेणी में लाया गया है के संबंध में।**

*4 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विगत् 04 वर्षों में कितने अन्तोदय परिवारों को बी.पी.एल. श्रेणी में तथा कितने बी.पी.एल. श्रेणी के परिवारों को ए.पी.एल. श्रेणी में लाया गया है? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कितने अन्तोदय परिवारों को बी.पी.एल. श्रेणी में तथा कितने

बी.पी.एल. श्रेणी परिवारों को ए.पी.एल. श्रेणी में लाया गया है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखंेगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**पर्वतीय क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए आतिथि तक निर्मित व प्रस्तावित स्टेडियम/मिनीस्टेडियम के संबंध में।**

*5 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए आतिथि तक कितने स्टेडियम/मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है और कितने प्रस्तावित हैं? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हंै कि पर्वतीय क्षेत्रों में स्टेडियम/मिनी स्टेडियम के अभाव में युवा अपनी प्रतिभा दिखाने से वंचित रह रहे हंै? यदि हां, तो क्या सरकार युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण स्तर पर मिनी स्टेडियम/खेल मैदान का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी मिनी स्टेडियम के मैदान में केज लगाने का उद्देश्य व इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रणजी अथवा राष्ट्रीय स्तर एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैच कब तक प्रारम्भ होने के संबंध में।**

*6 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी मिनी स्टेडियम के मैदान में केज लगाने का क्या उद्देश्य है और केज लगाने से फुटबॉल अथवा क्रिकेट जैसी बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में बाधा पहुंच रही है? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रणजी अथवा राष्ट्रीय स्तर एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैच कब तक प्रारम्भ होंगे? क्या सरकार द्वारा इस हेतु कोई योजना बनायी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**सरकार द्वारा कितने वर्षों से पात्र अभ्यर्थियों को सफेद एवं लाल कार्ड आवंटित नहीं किये गये हैं अपात्र अभ्यर्थियों का पुनः सर्वे कराये जाने के संबंध में।**

*7 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कितने वर्षों से पात्र अभ्यर्थियों को सफेद एवं लाल कार्ड आवंटित नहीं किये गये हंै? क्या सरकार द्वारा पूर्व में जिन अपात्र अभ्यर्थियों को लाल व सफेद कार्ड आवंटित किये गये हंै उनका पुनः सर्वे कराये जाने की कोई योजना

प्रस्तावित है? यदि हां, तो उक्त योजना पर कब तक कार्य पूर्ण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**वर्ष 2022 से आतिथि तक सरकार की किन किन योजनाओं से प्रदेश के गरीब बच्चों को मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है उक्त योजनाओं पर सरकार द्वारा व्यय की जा रही धनराशि का सम्पूर्ण विवरण।**

*8 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष, 2022 से आतिथि तक सरकार की किन-किन योजनाओं से प्रदेश के गरीब बच्चों को मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है? क्या मंत्री जी उक्त योजनाओं पर सरकार द्वारा व्यय की जा रही धनराशि का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं तथा जनपद उत्तरकाशी के यमुनोत्री विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वरोजगार से जोड़ी गई महिलाओं एवं प्रदत्त आर्थिक सहायता का विवरण उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।**

*9 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हंै? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्ष, 2024-25 एवं 2025-26 में जनपद उत्तरकाशी के यमुनोत्री विधान सभा क्षेत्र में कितनी महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है और उन महिलाओं को कितनी आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी तत्सम्बन्धी का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में महिला समूहों द्वारा संचालित इन्दिरा अम्मा कैंटीन के संचालन की वर्तमान स्थिति बंद होने के कारणों तथा पुनः संचालन कराए जाने के संबंध में।**

**"प्रथम शुक्रवार के तारांकित प्रश्न संख्या-17 में स्थानांतरित"**

*10 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री को ज्ञात है कि प्रदेश पूर्व में महिला समूहों द्वारा इन्दिरा अम्मा कैंटीन संचालित की जा रही थी? क्या यह सत्य है कि गत वर्षों से इन्दिरा अम्मा कैंटीन संचालित

नहीं हो रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि महिला समूहों द्वारा इन्दिरा अम्मा कैंटीन संचालित न कराये जाने के क्या कारण हंै? क्या सरकार प्रदेश में महिला समुहों के माध्यम से इन्दिरा अम्मा कैंटीन का संचालन पुनः प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली में नंदा गौरा योजना के अंतर्गत दस्तावेजीय तकनीकी कारणों से वंचित पात्र बालिकाओं का वर्षवार विवरण तथा उन्हें लाभ प्रदान करने हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में।**

*11 **श्री शक्ति लाल शाह (घनशाली ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली में नंदा गौरा योजना के अन्तर्गत केवल दस्तावेजों की कमी, तकनीकी त्रुटियों अथवा प्रक्रिया संबंधी कारणों से विगत वर्षों में कितनी पात्र बालिकाएं/लाभार्थी योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गयी हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त वंचित लाभार्थियों के प्रकरणों में किस प्रकार की दस्तावेजीय कमियां (जैसे आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार/बैंक विवरण, जन्म प्रमाण पत्र, आॅनलाईन पोर्टल त्रुटि आदि) पायी गयी हंै तथा उनका वर्षवार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि नन्दा गौरा योजना से वंचित पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान करने हेतु राज्य सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है तथा भविष्य में दस्तावेज सुधार/पुनः आवेदन हेतु विशेष अवसर प्रदान करने अथवा सरलीकृत प्रक्रिया लागू किए जाने पर विचार किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राज्य में वर्ष 2017 से अद्यतन तक विद्यालयों एवं अन्य स्थानों पर तैयार किए गए खेल मैदानों का नाम सहित विवरण उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।**

*12 **श्री हरीश सिंह धामी (धारचूला ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर खेलों का आयोजन तो किया जा रहा है, परन्तु राज्य में खेलों को प्रोत्साहन देने हेतु तथा खेल प्रतिभाओं को निखारने हेतु राज्य के किन-किन विद्यालयों तथा स्थानों में वर्ष, 2017 से आतिथि तक कितने खेल मैदान तैयार किये गये हंै? क्या मंत्री जी उपरोक्त का विवरण नाम सहित उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राज्य में बी०पी०एल० एवं ए०पी०एल० राशन कार्डों के निर्गमन की वर्तमान स्थिति पुनः जारी किए जाने की संभावित तिथि तथा समयबद्ध कार्ययोजना के संबंध में।**

***13 काजी मौ0 निजामुदीन (मंगलौर ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पात्र व्यक्तियों के बी0पी0एल0 एवं ए0पी0एल0 राशन कार्ड वर्तमान में क्यों नहीं बनाये जा रहे हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों का बी0पी0एल0 कार्ड पुनः कब से बनाने प्रारम्भ किये जायंेगे तथा बी0पी0एल0 एवं ए0पी0एल0 राशन कार्ड बनाये जाने की कोई समयबद्ध कार्ययोजना निर्धारित न होने के क्या कारण हंै? क्या मंत्री जी उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में पी०आर०डी० स्वयंसेवकों के रिक्त पदों की वर्तमान स्थिति तथा रिक्त पदों को भरे जाने की कार्ययोजना के संबंध में।**

***14 प्रदीप बत्रा (रूड़की ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करंेगे कि प्रदेश में पी.आर.डी. स्वयंसेवकांे के वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार द्वारा उपरोक्तानुसार रिक्त पदों को भरने हेतु कोई योजना बनाई जा रही है? यदि हां, तो उपरोक्त पदों को कब तक भरा जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----